युगपुरूष चौधरी देवीलाल अमर रहें

चौधरी ओउम प्रकाश चौटाला जिंदाबाद

इंडियन नैशनल लोकदल

प्रदेश कार्यालय, चंडीगढ़

अभय सिंह चौटाला
प्रधान महासचिव एवं विधायक, ऐलनाबाद

दिनांक: 17-07-2024

पत्रांक: SPL-1

सेवा में,

मुख्यमंत्री महोदय
श्री नायब सिंह सैनी
हरियाणा सरकार

विषयः डबवाली को जिला बनाने बारे अनुरोध

आदरणीय मुख्यमंत्री जी,

'डबवाली जिला बनाओ अभियान समिति मंडी डबवाली' एवं 'समस्त डबवाली इलाका निवासी' से मुझे एक ज्ञापन प्राप्त हुआ है जिसमें डबवाली इलाके के लोगों ने सिरसा जिला से दूरी के आधार पर डबवाली के पिछड़ेपन एवं जिलास्तर पर होने वाले कार्यों के लिए वर्षों से होने वाली दिक्कतों को बताते हुए डबवाली को जिला बनाए जाने की पुरजोर मांग की है। इस क्षेत्र से जिला सिरसा की दूरी लगभग 65 किलोमीटर है जो कि लोगों की प्रशासनिक कठिनाइयों को ध्यान में रखते हुए बहुत ज्यादा है। रोजमर्रा एवं प्रशासनिक दिक्कतों के लिए लोगों को छोटे–छोटे कार्यों के लिए भी 60 किलोमीटर की दूरी तय करनी पड़ती है। निःसंदेह इस क्षेत्र के लोगों को आने–जाने में समय बहुत ज्यादा लगता है तथा पैसा भी अधिक खर्च करना पड़ता है। मेरी सूचना के अनुसार सरकार द्वारा गठित एक कमेटी ने भी डबवाली को पूर्ण जिला बनाने के लिए सिफारिश की है।

अतः मेरा आपसे पुनः अनुरोध है कि डबवाली हलकावासियों की उपरोक्त प्रशासनिक कठिनाइयों को ध्यान में रखते हुए डबवाली को तुरंत प्रभाव से जिला घोषित किया जाए।

धन्यवाद सहित

अभय सिंह

(अभय सिंह चौटाला)

संलग्नः समिति द्वारा हस्ताक्षर सहित दिए गए ज्ञापन की प्रति

कार्यालयः एम.एल.ए. फ्लैट न० 47, सेक्टर-4, चंडीगढ़,(160009)
फोन न०: 0172-2747001, ई-मेलः inldchandigarh@gmail.com

डबवाली जिला बनाओ अभियान समिति
मंडी डबवाली

प्रतिष्ठा में,

चौ. अभय सिंह चौटाला,
प्रधान महासचिव, इंडियन नेशनल लोकदल,
हरियाणा।

महोदय,

हरियाणा सरकार ने प्रदेश में नए जिले बनाने का सर्वे करने के लिए चार मंत्रियों पर आधारित कमेटी का गठन किया है। इसमें डबवाली का नाम भी पूर्ण जिला बनाने के लिए प्रमुखता से शामिल किया गया है जोकि बहुत ही सराहनीय कदम है। डबवाली इलाके के लोगों की भी पुरजोर मांग है कि डबवाली को पूर्ण जिला बनाया जाए क्योंकि सिरसा जिला मुख्यालय से डबवाली शहर की दूरी 60 किलोमीटर हैं। अगर उपमंडल के गांव चौटाला से इसकी दूरी का आंकलन किया जाए तो यह करीब 90 किलोमीटर पड़ती है। इस प्रकार को डबवाली व काफी गांवों के लोगों को जिला स्तर पर होने वाले कार्यों के लिए वर्षों से दिक्कतें झेलनी पड़ रही है। वहीं, हरियाणा के एक छोर पर स्थित होने के कारण डबवाली इलाका पिछड़ कर भी रह गया है। इसलिए अब समय आ गया है कि डबवाली को पूर्ण जिला बना दिया जाए। सरकार जल्द से जल्द डबवाली को पूर्ण जिला बनाकर इसे तरक्की की राह पर अग्रसर करे।

ऐसे में हम सब डबवाली के जिम्मेदार नागरिक होने के नाते डबवाली को जिला बनाने की मांग को बुलंद कर रहे हैं। इलाके की करीब 100 संस्थाओं ने भी इस मुहिम को अपना समर्थन दिया है। आप से भी अनुरोध है कि इस मुहिम में आप भी पूर्ण सहयोग करें व डबवाली की जिला बनाने की मांग की डबवाली इलाके की तरफ से सरकार के समक्ष पैरवी करें व डबवाली को पूर्ण जिला घोषित करवाएं।

आपका सकारात्मक सहयोग अपेक्षित है।

दिनांक 15-7-2024

Naresh Setni 9357723955

डबवाली जिला बनाओ अभियान समिति
एवं
समस्त डबवाली इलाका निवासी